www.himalayanupdate.com 7018631199 समाचार पत्र Postal Regd no: HP/128/SML/2020-22

नवंबर, 2023

आपकी आवाज़

हिमालयन अपडेट

RNI-HPHIN/2017/73579

7018631199 बुधवार 15.11.2023 पृष्ठ: 01, मूल्य: 1 रू. शिमला से प्रकाशित advthimalayanupdate@gmail.com

किफायती दरों में अपना विज्ञापन प्रकाशित करें और अपने व्यापार को और ऊंचाईयों पर ले जाएं। संपर्क करें: 7018631199

अपने क्षेत्र की समस्या के बारे में हमें लिखें।

himalayanupdate@gmail.com

मुख्यमंत्री सुक्खू ने ई-चार्जिंग स्टेशन पर 10 दिन में मांगी रिपोर्ट

शिमला/हिमालयन अपडेट
मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सोमवार देर सायं परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक में विभाग से ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने के संबंध में 10 दिन के भीतर वस्तु-स्थिति पर रिपोर्ट मांगी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ई-वाहनों के संचालन को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य में 107 ई-चार्जिंग स्टेशन का निर्माण प्रस्तावित है, जिनमें से 53 ई-चार्जिंग स्टेशन विभिन्न पेट्रोल पंपों पर तथा 54 का निर्माण परिवहन विभाग के माध्यम से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में विभाग उन्हें विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करे। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य में प्रस्तावित 6 हरित गलियारों ग्रीन कोरिडोर के निर्माण कार्य की भी समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने परवाणू, नालागढ़,ऊना,हमीरपुर,संसारपुर टेरेस, पांवटा,नाहन,सोलन, शिमला,परवाणु,सोलन,शिमला,राम पुर,लोसर, मंडी,जोगिंदरनगर, पालमपुर, धर्मशाला,कांगड़ा, पठानकोट और कीरतपुर, बिलासपुर,मंडी,मनाली,केलंग,जिंग जिंगबार ग्रीन कोरिडोर का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने इन हरित गलियारों पर बिजली ट्रांसफॉर्मर लगाने तथा निर्माण संबंधी टेंडर प्रक्रिया की जानकारी भी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध तरीके से हिमाचल पथ परिवहन निगम की डीजल बसों को ई-बसों के साथ बदला जाएगा तथा जल्द ही 300 नई ई-बसों की खरीद के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार निगम को घाटे से उबारने के लिए प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिगत ई-वाहनों के संचालन को प्राथमिकता प्रदान कर रही है तथा सरकारी विभागों में भी ई-टैक्सी संबद्ध की जाएंगी। उन्होंने कहा कि बेरोजगारों युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए उनसे ई-टैक्सी किराए पर ली जाएंगी, जिन्हें सरकारी विभागों में तैनात किया जाएगा।

ई-टैक्सी के पंजीकरण के लिए एक वैबसाइट तैयार की जा रही है, जिसका जल्द ही शुभारंभ किया जाएगा। ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार युवाओं को स्वरोजगार प्रदान करने लिए 680 करोड़ रुपये की एक स्टार्ट-अप योजना का प्रथम चरण जल्द ही शुरू करने जा रही है। उन्होंने कहा कि श्रम विभाग अब रोजगार प्रदाताओं का भी पंजीकरण कर रही है ताकि उन्हें उनकी आवश्यकता अनुसार प्रशिक्षित युवा मिल सकें।

बैठक में मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, प्रधान सचिव आर.डी. नजीम, सचिव गृह डॉ अभिषेक जैन, हिमाचल पथ परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक रोहन चंद ठाकुर, श्रम आयुक्त मानसी सहाय ठाकुर, निदेशक डिजिटल टेक्नोलॉजी एंड गवर्नेंस मुकेश रेप्सवाल, निदेशक परिवहन अनुपम कश्यप सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

'स्थानीय स्तर पर समस्या निराकरण में पार्षद की भूमिका महत्वपूर्ण'

सोलान/हिमालयन अपडेट
मुख्य संसदीय सचिव लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग संजय अवस्थी की गरिमामयी उपस्थिति में आज उपमण्डलाधिकारी अर्की यादविंदर पाल ने नगर पंचायत अर्की के वार्ड नम्बर 02 के नवनिर्वाचित पार्षद पदम देव को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। संजय अवस्थी ने इस अवसर पर वार्ड नम्बर 02 के नवनिर्वाचित पार्षद पदम देव को बधाई दी। उन्होंने आशा जताई कि पार्षद अपने क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि पार्षद का पद महत्वपूर्ण होता है और स्थानीय स्तर पर विकास कार्य में पार्षद की भूमिका विशिष्ट रहती है। उन्होंने

आशा जताई कि नवनिर्वाचित पार्षद अपने कर्तव्यों के निर्वहन के माध्यम से लोगों की आशाओं पर खरा उतरेगें। संजय अवस्थी ने कहा कि उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत पार्षद के रूप में की। उन्होंने कहा कि पार्षद अपने क्षेत्र के निवासियों के सबसे समीप रहकर कार्य करता है। नगर पंचायत अर्की के वार्ड नम्बर 02 से नवनिर्वाचित पार्षद पदम देव उप निर्वाचन में विजय प्राप्त की है।

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत बैठक का किया गया आयोजन

किन्नौर/हिमालयन अपडेट
जिला किन्नौर उपायुक्त कार्यालय सभागार में गत दिवस राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.सोनम नेगी ने की। बैठक के दौरान डॉ. सोनम नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 29 नवंबर 2023 को राष्ट्रीय कृमी मुक्ति दिवस मनाया जाएगा जिसका उद्देश्य पेट में पैदा होने वाले कीड़ो से मुक्ति दिलाना व विटामीन-ए की कमी को पूरा करना है। जिसके तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता,

आशा वर्करों द्वारा 1 से 5 वर्ष तक के आयु वर्ग के बच्चों को आंगनबाड़ी तथा प्ले स्कूल में और 5 से 19 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों को शिक्षण संस्थानों जिनमें सरकारी, गैर सरकारी स्कूल, कालेज, आईटीआई, शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान व स्वास्थ्य केन्द्र शामिल हैं को एलबेन्टाजोल व विटामिन-ए की गोलियां दी जाएगी। अभियान के अंतर्गत 1 से 2 वर्ष तक बच्चों को आधी गोली तथा 2 से 19 वर्ष के बच्चों को पूरी गोली की खुराक दी जाएगी। उन्होनें बताया कि ऐसे बच्चे जो किसी कारण वश 29 नवंबर 2023 के दिन खुराक लेने से वंचित रह गये होंगें को 05 दिसंबर 2023 को खुराक दी जाएगी।

'कांग्रेस पार्टी का फट्टा लगार श्रेय, यश लेने का अभियान शुरू '

शिमला/हिमालयन अपडेट
प्रदेश की वर्तमान कांग्रेस सरकार द्वारा एक नायाब काम शुरू किया गया है और वह यह है कि पिछली भाजपा सरकार द्वारा खोले गए कार्यालयों को, स्कूलों को, अस्पतालों को बंद किया जाए और दोबारा से साल बाद, दो साल बाद, तीन साल बाद उन्हीं संस्थानों को खोलकर कांग्रेस पार्टी का फट्टा लगार श्रेय, यश लेने का अभियान शुरू किया है। दून विधान सभा क्षेत्र में पूर्व भाजपा सरकार द्वारा एसडीएम का दफ्तर व बीडीओ के दफ्तर खोले गए। दोनों दफ्तर बखूबी चल पड़े थे, काम कर रहे थे, अधिकारी, कर्मचारी नियुक्त हो गए थे परन्तु राजनैतिक प्रतिशोध की भावना से दोनों कार्यालयों को आनन-फानन में

बिना कैबिनेट मंजूरी के बंद कर दिया और कांग्रेस के मंत्री, विधायक, मुख्यमंत्री सभी ने जोर-जोर से कहा कि इन दफ्तरों की जरूरत नहीं थी जिन्हें खोल दिया गया।डॉ बिन्दल ने कहा कि 2022 में स्थानीय जनता की मांग पर, तात्कालिक भाजपा विधायक की मांग पर भाजपा सरकार ने इन कार्यालयों को खोला और जनता को सुविधा उपलब्ध करवाई, जिसका कांग्रेस द्वारा विरोध किया गया और इन कार्यालयों को बंद करवा दिया परन्तु अब दोबारा से इन कार्यालयों को खोलने की अधिसूचना की जा रही है और जनवरी माह में यह कार्यालय खुलेंगे, ऐसी घोषणा की गई है।

डॉ. बिन्दल ने माननीय मुख्यमंत्री एवं सरकार से सवाल पूछा कि, 2022 में भाजपा द्वारा जनता की मांग पर खोले गए संस्थान कांग्रेस पार्टी को गलत लग रहे थे और उन्हें बंद करवा दिया गया और 2023 में अब उन्हें कार्यालयों को उसी प्रकार से खोलकर वाहवाही लूटने का प्रयास किया जा रहा है। सवाल यह है कि 2022 में यह संस्थान खुलना गलत था तो 2023 में सही कैसे हो गया। आप करो तो पुण्य, हम करें तो पाप, डॉ. बिन्दल ने कहा कि इसी प्रकार प्रदेशभर में जो 1500 स्कूल, कार्यालय, अस्पताल बंद किए हैं उन्हें राजनैतिक सुविधा के आधार पर खोला जाएगा और इन्हीं संस्थानों पर राजनीति चमकाई जाएगी, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदेश की जनता के साथ अन्याय है, धोखा है। लेकिन प्रदेश की जनता लोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस पार्टी से अवश्य बदला लेगी।

कुल्लू में मई से अक्तूबर माह तक 31.78 करोड़ के खाद्यान्न वितरित

कुल्लू/हिमालयन अपडेट
कुल्लू जिला में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत बीती तिमाही के दौरान 452 उचित मूल्य की दूकानों के माध्यम से उपभोक्ताओं को कुल 17.50 करोड़ रुपये मूल्य की आवश्यक वस्तुएं व खाद्यान्न सस्ते दामों पर उपलब्ध करवाए गए हैं। उपायुक्त अशुतोश गर्ग ने आज जिलास्स्तारीय सार्वजनिक वितरण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए इस इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिला में कुल 1,17,247 राशनकार्ड हैं जो 4,38,022 की आबादी को कवर करते हैं। जिला में विकास खण्डवार इनकी 26 शाखाएं भी उपभोक्ताओं को सस्ता राशन उनके घर-द्वार के समीप वितरित कर रही हैं। उपायुक्त ने कहा कि जिला में आधार सीडिंग का कार्य 99.78 प्रतिशत पूरा कर लिया है और जल्द ही यह आंकड़ा शत-प्रतिशत हो जाएगा। इसी प्रकार, जिला में उपभोक्ताओं के राशन कार्ड

डाटाबेस में किये गए मोबाईल सीडिंग की यदि बात करें तो आनी खण्ड में 65.42 प्रतिशत, बंजार में 73.46 प्रतिशत, कुल्लू में 67.70 प्रतिशत, नग्गर में 62 प्रतिशत, निरमण्ड में 65 प्रतिशत किया गया है। इसपर तेजी के साथ काम चला है और अगले कुछ महीनों में यह सौ फीसदी कर लिया जाएगा।

सभी 452 उचित मूल्य की दुकानों पर बायोमेट्रिक प्रणाली के माध्यम से पीओएस मशीनों द्वारा खाद्यान्नों की बिक्री करवाई जा रही है। जिला के दूरवर्ती क्षेत्रों में उचित मूल्य की दुकान जरूरत अनुसार खोली जा रही हैं ताकि उपभोक्ताओं को सुविधा प्रदान की जा सके।उपायुक्त ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत जिला में मई से अक्तूबर माह के दौरान 4,600 मीट्रिक टन आटा तथा 1981 मीट्रिक टन चावल उपभोक्ताओं में विभिन्न योजनाओं के तहत सस्ते दामों पर उपलब्ध करवाए गए हैं। विशेष अनुदान योजना के तहत 1201 मीट्रिक टन चीनी, 329 मीट्रिक टन उड़द, 417 मीट्रिक टन मलका दाल, 203मीट्रिक टन दाल चना, 305 मीट्रिक टन मूंग दाल, 394 मीट्रिक टन आयोडीन युक्त नमक, 761299 लीटर सरसों तेल , 238047 लीटर रिफाइंड तेल उपभोक्ताओं में वितरित किया गया है। जिला में खाद्यान्न व आवश्यक वस्तुओं की दुकानों में गुणवत्ता को सुनिश्चित बनाने के लिये खाद्य एवं आपूर्ति विभाग समय-समय पर निरीक्षण व खाद्यान्नों के नमूनों की जांच करवाता है। जिला में इस दौरान 648 दुकानों के निरीक्षण किये गए हैं जिनमें 60 में अनियमितताएं पाई गई। 43 दुकानदारों को चेतावनी जारी की गई। 1 लाख 44 हजार रुपये की प्रतिभूति राशि जब्त की गई।

जबकि खाद्यान्नों की मूल्यांतर राशि 50 हजार पांच रुपये वसूली गई। नमूने प्रायः गंदम आटा, चावल, चीनी, सरसों तेल व दालों के एकत्रित किये जाते हैं।उपायुक्त ने कहा कि खाने-पीने की वस्तुओं में किसी प्रकार की मिलावट अथवा दोष न हो, इसके बारे में प्रत्येक उपभोक्ता को जानकारी होना जरूरी है। विभाग ने 105 उपभोक्ता शिविरों का आयोजन जिला के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में किया है। शिविरों में विभाग की योजनाओं की जानकारी भी लोगों को प्रदान की जा रही है।उपभोक्ताओं को सुचारू तौर पर एलपीजी गैस उपलब्ध हो, इसके लिये जिला में 13 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं जिनमें 1.62 लाख उपभोक्ता पंजीकृत हैं। वाहनों के माध्यम से लोगों के उनकी मांग पर घर-द्वार पर गैस सिलिंडर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। बैठक में नई उचित मूल्य की दुकान खोलने तथा पुनरावंटन के मामलों को भी मंजूरी दी गई।बैठक की कार्यवाही का संचालन जिला उपभोक्ता एवं आपूर्ति नियंत्रक शिव राम ने किया, बैठक में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अश्वनी कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

अंतर्राष्ट्रीय लवी मेले में जाइका के लिबास पर फिदा हुए सैलानी

रामपुर बुशैहर/हिमालयन अपडेट
अंतरराष्ट्रीय लवी मेले के दौरान जाइका वानिकी परियोजना के तहत निर्मित लिबास पर आम व्यक्ति और सैलानी खूब फिदा हुए। मेले के दौरान जाइका के स्टॉल में किन्नौरी एवं पारंपरिक लिबास की जमकर बिक्री हुई। प्रदेश के विभिन्न जिलों से यहां पहुंचे लोगों ने किन्नौरी पट्टी से निर्मित कोट, चोली, बास्केट समेत जैकेट की खूब खरीददारी की। यानी कुल मिलाकर कम दाम में क्वालिटी प्रोडक्ट्स खरीद कर लोग काफी खुश दिखे। उल्लेखनीय है कि अंतरराष्ट्रीय लवी मेले के अवसर पर 11 से 14 नवंबर तक जाइका वानिकी परियोजना के स्टॉल में लगे उत्पादों की जमकर सराहना भी हुई। प्राप्त जानकारी के मुताबिक यहां किन्नौरी टोपी 400 रुपये प्रति, लेडीज बास्केट 1600, जेंट्स बास्केट 1800, किन्नैरी चोली 2500 और किन्नौरी पट्टी वाला कोट मात्र 4500 रुपये में उपलब्ध हैं। इसके अलावा लोकल लसन के आचार, लोकल शहद, ढिंगरी मशरूम, किन्नौरी दाक, किन्नौरी राजमाह, सूखा पुदीना, कोदे का आटा, चुल्ली का तेल, सूखा बरांश की बिक्री हुई। जाइका के तहत विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की

ओर से निर्मित इन उत्पादों लवी मेले में तहलका मचा दिया। मेले के समापन्न अवसर पर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने भी जाइका प्रोजेक्ट के तहत निर्मित सभी उत्पादों की सराहना की। उन्होंने जाइका वानिकी परियोजना के तहत विभिन्न सहायता समूहों को बधाई भी दी। अंतरराष्ट्रीय लवी मेला रामपुर में इस बार चिलगोजे के मांग सबसे अधिक रही। यहां जाइका की ओर से लगे स्टॉल में हर तरह के आर्गेनिक प्रोडक्ट्स की मांग अधिक रही। मक्की का आटा, सूखे मटर, फ ाफ रा, ओगला, चुल्ली का तेल, शहद, चिलगोजा और ड्राई मशरूम की भी खूब बिक्री हुई। बताया गया कि फोरेस्ट सर्कल रामपुर के 12 सहायता समूहों के उत्पादों पर हर कोई फिदा होते दिखे। रामपुर और किन्नौर डिविजन के 3-3 और आनी डिविजन के 6 सहायता समूहों के उत्पादों की मांग हर रोज होती रही।

बाल दिवस बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

कुल्लू/हिमालयन अपडेट
वरिष्ठ माध्यामिक विद्यालय केलंग में महिला एवं बाल विकास तथा वरिष्ठ माध्यामिक पाठशाला केलंग संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय बाल दिवस के रूप मे बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस समारोह की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त लाहौल स्पीति राहुल कुमार ने बाल दिवस के अवसर पर बच्चों को बधाई देते हुए युवा पीढ़ी से सामाजिक गतिविधियों में भाग लेकर राष्ट्र निमार्ण में सहयोग देने का आह्वान किया । उपायुक्त ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू छोटे बच्चों में भारत की भविष्य को देखते थे इसलिए चाचा नेहरू बच्चों से प्यार करते थे। उपायुक्त ने शिक्षकों से आग्रह किया कि सामाजिक सदभावना को बनाए रखने के लिए प्रेरित करें साथ ही शिक्षकों को निर्देश दिया कि विद्यार्थियों को उनके प्रतिभा के अनुरूप तैयार करने पर बल दिया जाऐ ताकि विद्यार्थी अपने-अपने प्रतिभा के अनुसार विकसित कर सकें। इस अवसर पर 9वीं कक्षा की प्रियांशी तथा 7वीं कक्षा की डिंपल ने नेहरू के राष्ट्र निमार्ण में दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। इस से पूर्व उप

निदेशक सतीश कोडा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बाल विकास अधिकारी खुशविंद्रर सिंह ने बच्चों एवं महिलाओं के सम्बन्ध में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं की सम्बन्ध में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त डा राजेश ने लडकियों के सेनिटरी हाईजीन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी। बाल दिवस के अवसर पर मंडी में आयोजित कला उत्सव प्रतियोगिता में भाग लेने वाली दो छात्राओं कशिश और कनिका को वाद्ययंत्र संगीत और पारंपरिक नृत्य में बेहतरीन प्रस्तुति के लिए उपायुक्त ने सम्मानित किया।

इस से पूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

इस अवसर पर स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पस्तुत किये गये। उपायुक्त ने भाषण एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किये। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य रमेश लाल सहित अध्यापगण तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

'शिलाई क्षेत्र में नये मतदाताओं के लिए विशेष कार्यक्रम'

नाहन/हिमालयन अपडेट
जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी हिमाचल प्रदेश के निदेर्शानुसार शिलाई क्षेत्र में नये मतदाताओं को मतदान सूची में शामिल करने के लिए स्वीप गतिविधियों के तहत विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत रोनहाट में 17 नवम्बर, कमरऊ में 25 नवम्बर और शिलाई में 30 नवम्बर को विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

उपायुक्त ने कहा कि इन विशेष कार्यक्रमों के तहत 18 वर्ष से 19 वर्ष के बीच के नये मतदाताओं विशेषकर युवतियों को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए

पंजीकरण हेतु प्रेरित किया जायेगा। सुमित खिमटा ने शिलाई क्षेत्र की सभी महिला मंडलों, युवा मंडलों तथा आम जन से इन विशेष जागरूकता कार्यक्रमों में शामिल होने का आग्रह किया है।

शिवपुर में अज्ञात वाहन की टक्कर से व्यक्ति की मौत

ऊना/हिमालयन अपडेट
पुलिस थाना अंब के तहत शिवपुर में एक अज्ञात वाहन ने एक व्यक्ति को कुचल दिया, जिसमें उक्त व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर क्षेत्रीय अस्पताल ऊना के डेड हाऊस में रख दिया है।

वहीं अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अरविंद निवासी खन्नीपुरा यूपी ने बताया कि सोम-मंगल की मध्य रात्रि लिवगार्ड फैक्ट्री के पास अपनी दुकान में सो रहा था। इसी दौरान अचानक बड़ी जोर से किसी चीज के टकराने की आवाज आई। आवाज सुनकर जब दुकान का शटर उठाकर देखा, तो बीच सडक में एक व्यक्ति घायल अवस्था में पड़ा था। उसी समय एक बड़ा वाहन तेज गति से फरार हो गया। अरविंद ने बताया कि व्यक्ति के पास जाकर देखा, तो उसका सर बुरी तरह कुचला हुआ था तथा शरीर पर बहुत चोटे थी। घायल होने की वजह से व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। अरविंद इसकी सूचना अपने मालिक बलविंद्र सिंह को दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।